हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## खबर संक्षेप

### खाद्य मंत्री दयालदास बघेल करेंगे ध्वजारोहण



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे। 9:03 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि बघेल 9:15 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। सुबह 9.30 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर एवं मार्च पास्ट होगा। सुबह 9.50 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं 10:20 बजे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान करेंगे। सुबह 10:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

### खाद्य मंत्री बघेल का दौरा कार्यक्रम

**महासमुंद।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल 14 और 15 अगस्त को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। मंत्री बघेल आज 14 अगस्त को रात्रि 10 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा 11 बजे महासमुंद पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री बघेल गुरुवार 15 अगस्त को ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद दोपहर 12:30 बजे रायपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### चार लीटर प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने ढाबा के पास एक व्यक्ति के कब्जे से करीब 4 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि देवांगन आटो सेंटर तेंदूकोना के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति शेरे पंजाब ढाबा के पहले, खार रोड इमली पेड के नीचे, तेंदूकोना में अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा है। उक्त व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम मोतीराम साहू पिता हीरालाल साहू (59 वर्ष) निवासी मोंगरापाली बताया। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3 लीटर 960 एमएल कीमत 1980 रुपए, बिक्री नगदी रकम 200 रुपए कुल 2180 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में पुरानी बातों को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रार्थी ने सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को कोसरंगी निवासी सुरेश कुमार साहू पिता भागवत साहू ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पंचायत कोसरंगी की सरपंच का पति हूं। उसने पुलिस को बताया कि गांव के युवराज निषाद पिता घनश्याम निषाद शराब सेवन कर दो वर्ष पूर्व अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था, जिस पर महिला को उसकी मां विश्वासा बाई अपने घर ले गयी। इस बात को लेकर युवराज निषाद के द्वारा प्रार्थी के साथ 12 अगस्त को रात 10.30 बजे को शराब पीकर गाली गलौज व पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी देते हुए कह रहा था कि तुमने ही मेरी पत्नी को उसके मायके जाने के लिए कहा है। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** भंवरपुर चौक के पास एनएच 53 पर बसना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। रोपी जितेन्द्र खुंटे पिता हेमलाल खुंटे (24 साल) निवासी कर्राभौना, चौकी भंवरपुर के कब्जे से साढ़े 4 लीटर महुआ जब्त किया है।

# बाजार पर चढ़ा जश्न-ए-आजादी का रंग, तिरंगा टोपी, बैज, रिस्ट बैंड लुभा रहा

## स्वतंत्रता दिवस को मनाने देशभक्ति का रंग हर कोने में नजर आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आजादी के 77 वें वर्षगांठ को धूमधाम से मनाने के लिए जिले के बाजार में इस बार राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सामग्री की विशेष धूम है। स्वतंत्रता दिवस को जोरदार तरीके से मनाने के लिए इस बार बाजार में खासतौर से तिरंगे की सामग्री बिक्री के लिए सजी है। दस रुपए से लेकर तीन सौ रुपए तक के तिरंगे झंडे दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही, पमपम तिरंगा, तिरंगा लटकन, तिरंगा बंदनवार, तिरंगा टोपी, बैज, रिस्ट बैंड जैसी सामग्री भी लोगों को लुभा रही है।

पिछले साल 15 अगस्त को आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया गया था. जिसे लेकर देश के प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की थी, जिसमें लोगों से घर-घर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया गया था। इस साल भी ऐसा लग रहा है कि लोगों में देशभक्ति का प्यार उसी जोश के साथ देखने को मिलेगा। आज गुरूवार को 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर बाजार राष्ट्रीय तिरंगे और तमाम चीजों से सज गया है। इस बाजार में तिरंगे, स्टैंड, टी-शर्ट, पगड़ी जैसे सामान मिल रहे हैं जो देश की स्वाधीनता दिवस से जुड़े हुए हैं। इस बाजार के एक दुकानदार ने बताया कि व्यापार कुछ दिनों से डाउन था। लेकिन, अब ग्राहकों की भीड़ तिरंगे और अन्य सामग्री खरीदने के लिए बढ़ रही है।

उनका कहना है कि इस बार राष्ट्रभक्ति की इस सामग्री को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महंगाई का इस पर कोई असर नहीं है और ग्राहक बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए आ रहे हैं।

### 15 से 450 रुपए में बेचा जा रहा तिरंगा

शहर के अपना मार्केट की दुकानों में तिरंगा सजाकर रखा गया है। यहां पर 15 से लेकर 450 रुपए की रेंज में तिरंगा झंडा उपलब्ध है। इस बार बाजार में तिरंगा बैलून, तिरंगा रिंग, तिरंगा बैंड, तिरंगा भोंपू, तिरंगा बाइक स्टैंड और अन्य सजावटी सामान भी दुकानों की शोभा बढ़ा रहे हैं। वहीं, तिरंगा यात्रा को देखते हुए जिले के डाकघरों में भी झंडा रखा गया था, जिसका स्टॉक तीन पहले ही खत्म हो चुका है।



### विभिन्न तिरंगा सामग्री की कीमतें

स्वाधीनता दिवस को लेकर तिरंगा से मिलते जुलते समाग्रियों को खरीदने बच्चों में ज्यादा उत्साह देखा गया। बड़ी तदाद में बच्चें अपने पालकों के साथ बाजार में खरीदी करते देखे गए। वहीं, युवा वर्गो में अपनी बाइकों में लगाने के लिए बड़े आकार के झण्डों की मांग ज्यादा रहीं। बाजार में स्टैंड तिरंगा 20 रुपए, पगड़ी 100, हेयर बैंड: 10, तिरंगा पट्टी 20, बेज 10 प्रति नग तक बिके ।

## आक्रोश : सर्व हिंदू समाज ने आक्रोश रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

# सर्व हिंदू समाज का बांग्लादेशी हिंदुओं के बर्बर नरसंहार पर आक्रोश सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भारत देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व बुधवार को जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश सहित पूरे देश में कानून की लचर होती व्यवस्था एवं संविधान को कमजोर करने वाली ताकतों के विरोध में संविधान बचाओं यात्रा निकाली गई। वहीं, बांग्लादेशी जेहादियों द्वारा हिंदुओं सहित अल्पसंख्यक वर्गो के साथ हत्या, बलात्कार, आगजनी एवं लूटपाट जैसी कृत्यों के विरोध में सर्व हिन्दू समाज द्वारा आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली के नेहरू चौक पहुंचने के बाद जिहादियों का पुतला दहन भी किया गया।

सर्व हिन्दू समाज के आव्हान पर निकाली गई आक्रोश रैली के पूर्व श्रीराम जानकी मंदिर में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें देवेंद्र दुबे द्वारा बांग्लादेश के नृशंस नरसंहार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत के भी हिंदुओं को ऐसे ही गाजर मूली की तरह कट कर मरने के बजाए उनका दृढ़ता के साथ सामना करते हुए धर्म के मार्ग में शहीद होने के लिए आह्वान किया गया। स्थानीय गुरुकुल के आचार्य द्वारा आज की परिपेक्ष में शास्त्र के साथ शस्त्र की प्रासंगिकता पर जोर दिया गया। अयोध्या से आए डंडा गुरुदेव द्वारा जात पात की व्यवस्था से बाहर निकल कर श्रेष्ठ सनातनी का पथ प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा द्वारा सिर्फ और सिर्फ सनातनी हिंदू बनने हेतु बल दिया गया।

आक्रोश सभा का मंच संचालन करते हुए सर्व हिन्दू समाज के भरत चंद्राकर ने बांग्लादेश की आर्मी द्वारा जिहादियों के साथ मिलकर हिंदुओं की बर्बर नरसंहार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से तत्काल सैन्य हस्तक्षेप करते हुए हिंदुओं की रक्षा एवं हिंदुओं के लिए अलग से 'हिन्दू बांग्ला राष्ट्र' का मार्ग प्रशस्त करने की मांग सभा के माध्यम से किया गया।

### जिले को जिहादियों से मुक्त कराने का संकल्प

सभा के पश्चात आक्रोश बाइक रैली में सैकड़ो की तादाद में सनातनियों द्वारा शहर के सभी प्रमुख मार्गो में रैली निकालकर बांग्लादेशी हिंदुओं की बर्बर नरसंहार पर शहर वासियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बाइक रैली के मार्ग में स्थानीय नेहरू चौक में बांग्लादेशी जिहादियों का पुतला दहन कर निवासरत बांग्लादेशी जिहादियों को कानून सम्मत जिले से मुक्त कराने हेतु संकल्प लिया गया। बाइक रैली के अंतिम पड़ाव पर कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर हिंदुओं की बर्बर नरसंहार को रोकने की मांग की गई।

### यह रहे रैली में मुख्य तौर पर मौजूद

रैली में डॉ विमल चोपडा, हेमंत तिवारी, देवेंद्र दुबे, रितेश गोलछा, आरएस चंद्राकर, देवनारायण बिसेन, चंद्रबदन मिश्रा, बोध राम साहू, बीबी मोहंती, गुरु बच्चन सिंह, उमेश कोचर, भरत चंद्राकर, विक्रम ठाकुर, अग्रज शर्मा, आनंद साहू, रमेश साहू, उत्तम वर्मा, नरेश नायक, हुलास साहू, भरत साहू, मनीष शर्मा, मीना वर्मा, सुधा साहू, घनश्याम सोनी, देवीचंद राठी, सुनील पाटिल, मोहित इसरानी, नरेश नायक, कान्हा प्रधान, एवन साहू, विक्की चंद्राकर, राकेश झावक, मनीष चंद्राकर, वेद प्रकाश साहू, महेश मक्कड़, रामेश्वर साहू, रामेश्वर पांडे, धर्मेंद्र महोबिया, हर्ष यादव, हर्ष पटेल, पप्पू ठाकुर, समकित मालू, रविंद्र जैन, राजेश लूनिया, राजेश डडसेना, परमेश्वर डडसेना एवं शहर हिंदू जन शामिल हुए।

## तिरंगा झंडा लेकर कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ यात्रा



**इधर**, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान देश के संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। तिरंगा झंडा लेके कांग्रेसियों के अलावा आम नागरिक भी इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के तैल्य चित्रों को हाथ में थामे हुए एवं तिरंगा झंडा को लहराते हुए यात्रा का शुभारंभ किया गया। संविधान को खारिज करने की कोशिश करने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए संविधान को खत्म करने की साजिश करने वालों के विरोध में नारे लगाए गए। कांग्रेस भवन महासमुंद से होकर गांधी चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर यात्रा शुरू किया गया, जो विभिन्न वार्डों से होते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक में उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर समाप्त की गई। उक्त संविधान यात्रा में का नेतृत्व डॉक्टर रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, खिलावन बघेल बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, श्रीमती राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, प्रदीप चंद्राकर, पार्षद निखिलकांत साहू, अमन चंद्राकर, राजेश नेताम, विजय साव, बबलू हरपाल, अनवर हुसैन,जावेद चौहान, अक्षय साकरकर, निर्मल जैन, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, गोविंद साहू, अजय थवाईत, नितेंद्र बैनर्जी, सरपंच ब्रिजेन बंजारे, सती चंद्राकर, माया पांडे, ईशा टंडन, सोनम रामटेके, राजू साहू, नारायण नामदेव, सतीश कन्नौजे, लीलू साहू, मोती साहू, बसंत चंद्राकर, तुलसी साहू, आकाश निषाद, एरिश अनवर, सुरेंद्र ठाकुर, आरिफ बेग, तुलसी देवदास, महिला समूह एवं युवक कांग्रेस के सदस्य गण एनएसयूआई के सदस्यगण, महिला प्रकोष्ठ के सदस्यगण यात्रा में शामिल हुए।

# युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम भुरकोनी के एक बस स्टैंड में एक युवक के साथ 3 लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल युवक के पिता की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि सियाराम चक्रधारी पिता टोपराम चक्रधारी निवासी वार्ड नं 15 जगदल्ला, भुरकोनी ने रिपोर्ट कराया है कि उसका बड़ा लड़का कक्षा 12 वीं में हाईस्कूल भुरकोनी में पढ़ता है। 13 अगस्त की शाम 4.30 बजे वह अपने घर पर था। तब ग्राम भुरकोनी के दुर्जन यादव ने फोन करके बताया कि उसके बड़े बेटे के साथ कुछ लड़के मारपीट किए हैं। इसके बाद प्रार्थी भुरकोनी गया, जहां उसके लड़के के दाहिने तरफ कान के बगल में खून निकल रहा था एवं बायीं ओर भौं के ऊपर चोट के कारण सूजन आ गया था । पूछने पर उसने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ स्कूल का छुट्टी होने पर शाम करीब 4.30 बजे भुरकोनी बस स्टैंड में खड़ा था, तभी भुरकोनी के 3 लड़के रितेश निषाद, लेखराज ठाकुर, केशव तांडी गाली देते हुए हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(1), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रिचार्ज के दाम के साथ बढ़ी बीएसएनएल सिम की डिमांड, बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे दफ्तर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जियो, आइडिया एवं अन्य मोबाइल रिचार्ज बढ़ने के साथ ही बीएसएनएल के सिम की मांग भी बढ़ गई है।

अंचल के लोगों मे बीएसएनएल के प्रति रूझान बढ़ता नजर आ रहा है जिसके चलते लोग बीएसएनएल के ऑफिस में रोजाना भारी संख्या मे लोग अपने सिम को पोर्ट कराने एवं नए सिम लेने के लिए पहुंच रहे है। बता दें कि बीएसएनएल कंपनी ने ही अपना रिचार्ज प्लान नहीं बढ़ाया है।

**डिमांड के चलते सर्वर में आ रही है दिक्कत:** बीएसएनएल के रिचार्ज कम होने के चलते अंचल के लोग सिम खरीदने भारी संख्या मे पहुच रहे है लेकिन सर्वर मे आ रही दिक्कतो के चलते ई केवाइसी नहीं हो पा रहा है जिसके कारण लोगों को बिना सिम लिए घर लौटना पड़ रहा है ।

### अब तक बिके 500 से अधिक सिम

बीएसएनएल ब्रांच महासमुंद के कर्मचारी अनिल पटेल ने बताया है कि रोजाना 30 से 40 सिमों की बिक्री उनके ही कार्यालय से हो जा रही है एवं अन्य रिटेलरों के द्वारा भी बिक्री में बढ़ोतरी आई है। अब तक उनके एक ब्रांच से लगभग 500 से अधिक सिम बिक चुके हैं। लगातार इसकी मांग बढ़ रही है।

### घर का ताला तोड़कर बाइक की चोरी

**महासमुंद।** घर का ताला तोड़कर बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। मामला तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम लहंगर का है। पुलिस को प्रार्थी नीलकंठ देवदास पिता सदाराम देवदास (46 साल) निवासी लहंगर ने बताया कि 22 जुलाई की शाम करीबन 7.30 बजे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी06 पी 6983 को घर में रखकर छोटे भाई के बच्चे के जन्मदिन में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गया था । जन्मदिन उत्सव में शामिल होकर रात करीबन 8 बजे वापस आने पर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और बाइक घर में नहीं थी। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि इसी दिन प्रेमलाल ध्रुव मेरे घर आया था। जब उससे पूछा तो उसने बताया कि गांव में किसी से मिलने आया हूं। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी प्रेमलाल ध्रुव मेरी मोटर सायकल को चोरी कर चलाते हुए ले जा रहा था, जिसे मेरे भाई सुशील कुमार देवदास ने भी देखा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

**पाठक सूचना**
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## कलेक्टर ने कहा: प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण हो

# सड़कों पर फिर मिले मवेशी तो लगेगी पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकाय सीएमओ और जनपद के सीईओ को सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं के धर-पकड़ के संबंध में कार्रवाई कर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्हांने कहा कि पशु मालिकों को एक बार समझाईश देने के पश्चात यदि मवेशी पुनः सड़कों पर बैठे तो आवश्यक पेनाल्टी लगाएं। रात्रि में नियमित पेट्रोलिंग भी करें। इस संबंध में पशुपालन विभाग को पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के उत्कृष्ट परिणाम के लिए स्कूलवार परिणामों का विश्लेषण करने कहा है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों का रिजल्ट औसत से कम है वहां विशेष रूप से कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। इस संबंध में जल्दी ही प्राचार्यों की बैठक लेकर समीक्षा की जाएगी। महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर लंगेह ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण हो एवं निराकरण कर हितग्राही को इसकी जानकारी दें। आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए तत्काल विज्ञापन जारी करें। साथ ही पोषण ट्रेकर में सभी आंकड़ों को अद्यतन करने और वास्तविक एंट्री करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर लंगेह ने सरायपाली और बसना विकासखंडों में जल संवर्धन के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अभियान भी चलाया जाए। इसी तरह डीएपी उर्वरक की समस्या के लिए उनके विकल्प के तौर पर एनपीके और गोदावरी जैसे खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी तरह उर्वरक की समस्या न हो। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। कलेक्टर ने कोटपा एक्ट के तहत स्कूल के आस पास ठेलों और दुकानों में बिकने वाले नशीली टेबलेट और दवाइयों पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से छापामार कार्रवाई करने के निर्देश ड्रग्स इंस्पेक्टर को दिए है। मेडिकल दुकानों में भी आकस्मिक छापामारी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनुविभागीय अधिकारी से मिलकर कार्ययोजना बनाएं। इसी तरह सभी अनुविभागीय अधिकारी पीडीएस, स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम-छात्रावास का भी नियमित रूप से निरीक्षण करें और रात्रि में गस्त भी करें। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में गिरदावरी का कार्य चल रहा है, जिसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी तहसीलदारों और कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों को फील्ड में जाकर वास्तविक गिरदावरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 30 सितम्बर तक शत प्रतिशत गिरदावरी पूर्ण करने के निर्देश दिए और ऑनलाइन एंट्री करने कहा गया है। कलेक्टर ने 15 अगस्त की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की और स्वतंत्रता दिवस को पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाने कहा है। इसके अलावा कलेक्टर ने जन चौपाल में मिले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने, राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, बंटाकन, नक्शा आदि के प्रकरणों का समय सीमा में और तेजी से निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी अवैध प्लाटिंग पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024 02 मई से 16 मई 2024
राशि:-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### बोलबम कांवरियों ने किया जलाभिषेक

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के शिव मंदिर में शिवलिंग में बोलबम कांवरियों ने जलभिषेक किया। इस अवसर पर गिरजादास बोलबम कांवरियों का स्वागत कर सेवा में जुटी रही।

### विश्व हिंदी परिषद ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस

**महासमुंद।** कोचिंग संस्था के छात्रों के बीच जाकर विश्व हिंदु परिषद के कार्यकर्ताओं ने अखंड भारत संकल्प दिवस की जानकारी दी। भारत किस प्रकार से अलग-अलग देश विभाजित हुआ किन करणों से विभाजन हुआ और छात्रों से आग्रह किया हम सब संगठित होंगे तभी अखंड भारत के स्वप्न को हम यथार्थ में पूर्ण कर पाएंगे। कार्यक्रम में जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर, आकाश आदि उपस्थित रहे।

### 5 छात्रों का प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयन

**बसना।** विकासखंड बसना के दक्षिणी ग्रामीण परिक्षेत्र के सुदूरवर्ती 15 किलोमीटर दूर संकुल केंद्र चिमरकेल अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला चिमरकेल से इस वर्ष भी 5 छात्र- छात्राओं का प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं, जिनमें जासमीन भोई, पिंकी सिदार, दुर्गेश साव, सोमनाथ तांडी व श्रवण चौहान का चयन हुआ है। गौरतलब यह कि इस ग्रामीण अंचल के विद्यालय से विगत 6 वर्षों में अब तक 18 छात्र-छात्राओं का प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हो चुका है। जिला महासमुंद में चिमरकेल विद्यालय अपने शैक्षिक गतिविधि कार्यों में विशेष उपलब्धि गौरवांवित और विशिष्ट स्थान प्राप्त करने पर संतलाल भोई नोडल प्राचार्य व संकुल प्रभारी विद्याधर साव, संकुल समन्वयक दुर्गाप्रसाद साहू, प्रधान पाठक चमनलाल सोनी, मुकेश कुमार साहू, विकास प्रधान, सबिहा शिरीन तथा ग्राम पंचायत चिमरकेल सरपंच गोरेलाल सिदार एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्रों के चयन पर हर्ष जताया है।

### पालिका ने तिरंगा प्रतिज्ञा कार्यक्रम कर राष्ट्रीय ध्वज लगाने किया प्रेरित

**महासमुंद।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर पालिका में सोमवार को तिरंगा प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार 15 अगस्त तक नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा विविध गतिविधियों का क्रियान्वयन कर सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने तिरंगा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित कर तिरंगा झंडा लेकर जय हिंद के नारे के साथ आजादी के पलों को याद किया। साथ ही लोगों को देशभक्ति की भावना के साथ अपने घरों में तिरंगा लगाने प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने लोगों को तिरंगा शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्थापना प्रभारी करण यादव, दुर्गेश कुंजेकार, गुमान सिंह ध्रुव, मुरारी साहू, सुरेश प्रसाद तिवारी, ईश्वर दीवान, प्रकाश यादव, जितेंद्र मोहंती, राखी ठाकुर, प्रेम शीला बघेल, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी नागरिक उपस्थित रहें।

# विधायक ने तिरंगा की दिलाई शपथ, स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ को मुख्य अतिथि एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व समस्त अतिथियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, संदीप दीवान, सतपाल सिंह पाली, प्रदीप चंद्राकर, पार्षद मनीष शर्मा, महेंद्र सिक्का, शोभा शर्मा, मीना वर्मा, महेंद्र जैन एवं प्रकाश शर्मा, अभिषेक पांडे, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू व जिला अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आजादी के महत्व को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दौड़ भी उसी का एक हिस्सा है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में देशभक्ति की भावना





जागृत होती है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की बधाई भी दी। नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि शहीदों के बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता। आज उन्हीं के कारण हमें आजादी नसीब हुई है। कार्यक्रम को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात स्वतंत्रता एवं तिरंगा दौड़ मिनी स्टेडियम महासमुंद से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सतबहनिया चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक होकर स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल से वापस मिनी स्टेडियम महासमुंद में समाप्त हुई। स्वतंत्रता दौड़ एवं तिरंगा दौड़ में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, राशि महिलांग, डॉ. विमल चोपड़ा, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दौड़ लगाई। इस अवसर पर बच्चों ने राष्ट्रभक्ति गीत पर जुंबा डांस करते हुए अपनी अभिव्यक्ति दी। इसके अलावा विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व पत्रकार, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, भारत स्काउट एंड गाइड, रेड क्रॉस, नेहरु युवा केंद्र, खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों, आश्रम छात्रवास, गणमान्य नागरिक, महिला समूह सहित 720 लोगों ने दौड़ लगाई। खिलाड़ियों व बच्चों ने तिंरगा झंडा लेकर दौड़ पूरी की। आयोजन में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं पीडब्ल्यूडी, उद्यानिकी, नगर पालिका परिषद एवं अन्य विभागों का सहयोग रहा।

## आयोजन : शहर के लोहिया चौक में प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन

# भाजपा ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तहत स्थानीय लोहिया चौक में प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व कुरूद विधायक अजय चंद्राकर रहे। वहीं सांसद रूपकुमारी चौधरी और महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित आमजन और स्कूली छात्र-छात्राओं को देश विभाजन के समय हुई विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने विस्तार से देश की आजादी, स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बहुत सारे नए देश बने, लेकिन हमारे देश का विभाजन क्यों हुआ यह जानना बहुत जरूरी है। आज की पीढ़ी को अपने इतिहास के बारे में पूरी




जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 1906 में मुस्लिम लीग की स्थापना हुई। तब से अलग देश की सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। 1930 में पाकिस्तान बनाने का प्रस्ताव आया। देश के कुछ नेताओं के स्वार्थ और गलतियों के चलते देश का विभाजन 14 अगस्त 1947 को हुआ।

यह इतना भयावह था कि लाखों लोग मारे गए, दुष्कर्म हुए, संपत्ति लूट लिए गए। उन्हीं नेताओं के विचारधारा में चलने वाले लोग आज देश की जनता में भ्रम फैला रही है कि संविधान खत्म होगा, आरक्षण खत्म होगा लेकिन, हमारा देश ऐसे बहकावे में नहीं आएगा, हमारा देश अखंड रहेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाने के लिए कहा। साथ ही घर व दुकानों में तिरंगा लगाने की अपील की। कार्यक्रम के बाद हाथ में नारों की तख्ती लिए मौन रैली निकाली गई। रैली लोहिया चौक से निकलकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।

### कुछ नेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन किया: योगेश्वर

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि कुछ नेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन किया। धर्म के आधार पर देश के लोगों को बांट दिया। इसका प्रभाव उस दौरान हमारे देश की जनता को पड़ा था। आने वाले समय में भारत आगे चलकर खंडित नहीं होगा। हमें अपने देश को अखंड बनाए रखना है।

### देश की आजादी की कहानी नहीं भूलना है : रूपकुमारी

महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि 15 अगस्त को हमें स्वतंत्रता दिवस की खुशी रहती है लेकिन उसके एक दिन पहले हुई घटना का दुख भी रहता है। हमारा देश जब आजाद हुआ उसके पीछे की कहानी हमें नहीं भूलना है। हमें उससे सबक लेना चाहिए और आगे भी देश किसी बहकावे में आकर खंडित न हो इसका ध्यान रखना होगा।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, संजय शर्मा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, रमेश साहू, निरंजना शर्मा, माधव राव टांकसाले, संदीप दीवान, प्रकाश शर्मा, सतपाल सिंह पाली, सुधा साहू, कौशिल्या बंसल, पवन पटेल, मनीष शर्मा, मंगेश टांकसाले, मीना वर्मा, देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, माधवी सिका, भाऊराम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, हरवंश सिंह, सुजाता विश्वनाथन, सुनीता देवांगन, राहुल चंद्राकर, हनीश बग्गा, शुभ्रा शर्मा, उत्तरा प्रहरे, नंदू जलक्षत्री, अमन वर्मा, गोपाल वर्मा, अभिषेक पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता, स्कूली छात्र-छात्राएं सहित आमजन मौजूद रहें।

## पौधारोपण प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का अनुकरणीय भाव : सृष्टि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सृष्टि चंद्राकर ने कहा है कि पौधारोपण प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का अनुकरणीय भाव है। इसलिए सभी संकल्पित हो जिसमें ज्यादा-से-ज्यादा पौधरोपण का कार्य करें, अधिक-से-अधिक युवा पीढ़ी को इससे जोड़ें एवं उनके मन में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के भाव को जागृत करें। श्रीमती चंद्राकर सोमवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आहूत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रही थीं। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के अभियान का संकल्प हर व्यक्ति लें और इसे लक्ष्य तक पहुंचाए। सभी लोग एक पेड़ अपने मां के नाम से जरूर लगाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष मनसुख परमार ने की। विशेष अतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग अध्यक्ष यशवंत जिंदल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भारतमाता, सरस्वती माता एवं ओम के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम को आर्ट ऑफ लिविंग के सक्रिय सदस्य सुरेश महंती ने भी संबोधित किया। अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा पौरवी एवं साधना देवांगन ने किया। स्थानीय विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने अतिथियों एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार एवं उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर सफल बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्राकर एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

## महाविद्यालय में विश्व हाथी दिवस और नशामुक्त भारत अभियान पर शपथ ग्रहण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा प्राणी शास्त्र के संयुक्त तत्वाधान में विश्व हाथी दिवस एवं नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई ने युवाओं को नशा से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया तथा महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति का शपथ दिलाई गई।

नशामुक्त भारत अभियान से विकसित भारत का मंत्र को साकार करने के लिए युवाओं को नशे से दूर होना चाहिए, इसमें महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी लोगों को धूम्रपान एवं अन्य नशीली पदार्थ का सेवन न करने के लिए समाज में जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राणी शास्त्र के विभागाध्यक्ष केएस पटेल ने विश्व हाथी दिवस के उपलक्ष्य में हाथियों के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक



जानकारी दी गई। उन्होंने हाथियों का संरक्षण एवं उनकी सुरक्षा पर जोर दिया। हाथी हमारे देश की विरासत है और इसको सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वर्तमान समय में वनों की अंधाधुंध कटाई के फलस्वरूप हाथियों के रहने के लिए जगह उपलब्ध न होने के कारण स्थलीय भागों में हाथियों का आना-जाना लगा रहता है, जिसे जान माल की हानि होती है। हाथियों द्वारा खेतों में उत्पात भी मचाई जाती है, हाथियों के संपर्क में आने के कारण कई लोगों को अपना जान भी गंवाना पड़ता है। ऐसे में संरक्षण और बचाव के माध्यम से ही हाथियों से सुरक्षित रहा जा सकता है। वर्तमान समय में हाथियों से सामना करने वाले खतरों के प्रति लोगों में जागरूकता के माध्यम से बचा जा सकता है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों यूके बरिहा, छात्र संघ प्रभारी डॉ. संध्या भोई, प्राची गुप्ता डॉ. चंद्रिकाचौधरी, हेमलता पटेल, डॉ. राधेश्याम पटेल, मेघनाथ सिदार सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संस्था के जॉब वेब लिंक में पंजीकृत युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज में युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निडकॉन सर्विसेस द्वारा नई पहल की शुरुआत किया गया है। इस पहल के तहत स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा बल्कि वे अपने समुदाय और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मंच के तहत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक व्यापक योजना बनाया गया है। इस योजना में उन्हें उनके कौशल और क्षमता के अनुसार नौकरी के अवसर दिए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से अपने कौशल को और निखारने का अवसर भी मिल रहा है। संस्था का उद्देश्य हमेशा से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम करना रहा है। इस पहल के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे युवा आत्मनिर्भर बनें और अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग कर सकें। संस्था का इस पहल में भागीदार बनने पर गर्व है। हमेशा से अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को गंभीरता से लिया है और इस कार्यक्रम के माध्यम से हम युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में योगदान कर रहे हैं। आगे भी ऐसे प्रयासों में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल रोजगार प्रदान करना नहीं है, बल्कि युवाओं को अपने भविष्य के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना भी है। संस्था निडकान सर्विसेस की महासमुंद इकाई के माध्यम से जुलाई माह मं तैयार किए गए एक साझा मंच द्वारा महासमुंद जिले युवाओं को उनकी योग्यता के वरीयता के आधार पर निजी संस्थानों मे रोजगार से जोड़ा गया। संस्था के सलाहकार डॉ. सुरेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि जिले हजारों युवाओं द्वारा कौशल विकास के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण लिया गया है। जिले में शिक्षित तथा हुनरमंद युवाओं की संख्या बहुत अधिक है तथा निजी क्षेत्रों में रोजगार से सम्बंधित अनेक रिक्तियां होती है। जानकारी के अभाव मे युवा स्थानीय उपलब्ध रोजगार के अनेक संभावनाओं से वंचित रह जाते है इसलिए उपलब्ध सम्भावनाओं को अवसर में बदलने के लिए निडकॉन सर्विसेस द्वारा जॉब पोर्टल का मंच तैयार किया गया है। जिसमें रोजगार ग्राही युवक व युवती को जॉब एचिवर से सम्मानित किया जाता है। उपरोक्त मंच के माध्यम से माह अगस्त 2024 में किरण प्रभाकर को सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा गैर सरकारी संस्था से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराया गया। वर्तमान में जॉब पोर्टल मे महासमुंद जिले के 156 युवा युवती पंजीकृत हो चुके है तथा अगस्त माह में ही तीस से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाना सुनिश्चित किया गया है।

### कॉलेज में विविध प्रतियोगिता का आयोजन

सरायपाली। वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब के प्रभारी युके बरिहा ने एड्स संबंधी जागरूकता एवं बचाव के उपाय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई तथा इसके रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए जाने पर जोर दिया गया। इसके पश्चात एड्स से बचाव से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपक भोई एवं द्वितीय स्थान पर भूधर चौहान, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा स्वाई एवं द्वितीय स्थान पर ज्योति चौधरी तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री मिश्रा एवं द्वितीय स्थान पर मनीषा स्वाई रहे। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता के प्रभारी नरेश कुमार जगत निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रभारी अनिल तांडी, भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागी सत्य प्रकाश खडबंदे एवं डॉ. झरना साव थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव स्थानीय सांसद एवं विधायकों की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

फूलझर राज झेरिया यादव समाज बसना तहसील अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 31 अगस्त दिन शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के शुभारंभ में बतौर मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता सराईपाली विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र साहू, फूलझर राज झेरिया यादव समाज अध्यक्ष, जगत राम यादव, कार्यकारिणी अध्यक्ष बालक राम यादव के आतिथ्य में संपन्न होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए विशेष प्रकार की तैयारियां की जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से पारंपरिक राऊत नाचा कीर्तन मंडली,कर्मा पार्टी, सरस्वती भागवत पार्टी, पदमपुर से घंट पार्टी, मिनाक्षी डीजे बागबाहरा, झांकियां एवं लोक कला मंच द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक लोक कला मंच गरियाबंद ( आर्केस्ट्रा) कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उक्त महोत्सव में हजारों की तादाद में लोगों की उपस्थिति रहेगी।



इसी कड़ी में आगे उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण भगवान यादव समाज के आराध्य देवों में से एक हैं एवं इस दिन उनकी समाज द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर उत्सव मनाया जाता है। इसी को भव्यता देने व बड़े रूप पर आयोजित करने के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया गया है, जहां समाज के गौरव कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

संध्या के समापन कार्यक्रम अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में पीयूष मिश्रा राष्ट्रीय महामंत्री, विश्व ब्राम्हण संघ एवं भाजपा नेता फुलझर राज अध्यक्ष जगतराम एवं र्यकारी अध्यक्ष बालकराम यादव उपस्थित रहेंगे।

# गौ सत्याग्रह और संविधान यात्रा के लिए विधायक कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले गौ सत्याग्रह और संविधान यात्रा के लिए बैठक हुई। जिसमें 14 अगस्त को संविधान यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। वहीं गाय, बैलों की लावारिस तरीके से घूमने की स्थिति में सुधार नहीं आने पर 16 अगस्त को गौ सत्याग्रह करने पर चर्चा हुई।

गौ वंश की सही देखभाल नहीं होने पर 16 को होगा गौ सत्याग्रह

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव विधायक कार्यालय में हुई बैठक के



बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है उनके द्वारा पूर्व की कांग्रेस सरकार के द्वारा गैस संरक्षण के लिए चलाई गई महत्वाकांक्षी गौठान योजना को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते गाय बैल सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। जहां वे दिन में किसानों की फ़सल को चौपट कर रहे हैं। वहीं रात में पक्की सड़क में इनके (गाय) के बैठे रहने कारण मुख्य मार्ग में चलने वाले भारी वाहनों व चौपहिया वाहनों से उनकी दुर्घटना हो रही है और वह गौ वंश अकाल ही काल के गाल में समा रहे हैं। जिस पर प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एसडीएम बागबाहरा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया गया है कि सड़कों में घूम रहे गौ वंश के रहने के लिए शासन द्वारा 15 अगस्त की शाम तक आवश्यक व्यवस्था की जाए।

उक्त गौ वंश के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा शहर, बागबाहरा ग्रामीण एवं कोमाखान द्वारा संयुक्त रूप से मेरे नेतृत्व में ( द्वारिकाधीश यादव विधायक) बाहर व सड़कों में घूम रहे गौ वंश को गौ सत्याग्रह के तहत किसी भी शासकीय कार्यालय में 16 अगस्त को उनके रखरखाव के लिए सुपुर्द किया जाएगा। ताकि किसानों को हो रहे फसल के नुकसानों से मुक्ति मिल सके और साथ ही साथ गौ माता अकाल मृत्यु से बच सके।

### आज आयोजित होगी संविधान यात्रा

वही विधायक यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 14 अगस्त को संविधान यात्रा भी निकल जाएगी जिसके तहतवार्ड क्रमांक 8 के पेट्रोल पंप से यह प्रारंभ होगी और शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग से झलक चौक पहुंचेगी, जहां संविधान यात्रा का समापन होगा। बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित इस बैठक में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रवि निषाद, गणेश शर्मा, देवेश साहू, नवनीत सलूजा, भक्त राम मांझी, ताम्रध्वज बघेल, पंकज हरपाल, दुर्गा सागर,लोकेश उइके, मंता यादव, आशाराम बंदे, सेतराम बघेल, अभिषेक यादव, राजू चंद्राकर, लोकेश दीवान, दुर्गेश यादव, दिनेश मोंगरे, राहुल यादव, खोमेश साहू, पारस सांखला, दुर्गा सागर शाहिद बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में फहराया जाएगा झंडा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 15 अगस्त मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा भारत देश 15 अगस्त के दिन आजादी का जश्न मनाते हैं और 1947 में इसी दिन देश अंग्रेजों की हुकूमत से आजाद हुआ था और उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान मिली थी देश की आजादी के इस पर्व को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 अगस्त के दिन देश के नागरिकों के लिए एक राष्ट्रीय पर्व है, जो पूरे देश में धूमधाम से मनाते हैं और जिसमें तिरंगा फहराकर शहीदों को नमन करते हैं और भारत माता के नारे लगाते हैं। इस मौके पर देश के कुछ जगहों की रौनक सबसे अधिक होते है। जो गौरवपूर्ण तरीके से मनाया जाता है।

### हिरेंद्र बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**कोमाखान।** जिला प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व हाईस्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष को मनोनीत किया गया।



इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सूची जारी की है। जिसमें कोमाखान भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष हिरेंद्र उपाध्याय को स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम कोमाखान के शाला प्रबंधन व विकास समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने विद्यालय में बेहतर शिक्षा के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही।

### जनसमस्या निवारण शिविर बलौदा में 30 को

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार 30 अगस्त 2024 को विकासखंड सरायपाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बलौदा में किया जाएगा। जिसमें सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण जनों की आवश्यकताओं, शिकायतों, और समस्याओं से संबंधित आवेदनों का समाधान सुनिश्चित करने सभी विभाग प्रमुख शिविर में उपस्थित रहेंगे।

### प्रयास विद्यालय में कोमल का चयन

**नर्रा।** ग्राम खट्टी के कोमल टंडन पिता खोरप्रसाद टंडन कक्षा 9 वीं के लिए प्रयास विद्यालय पाटन दुर्ग में चयन हुआ है।



इस पर ग्राम खट्टीवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। बागबाहरा के एससी प्री. मैट्रिक छात्रावास अधीक्षक मनोज कुमार चौधरी के प्रयास से कोमल टंडन कक्षा 8 वीं की परीक्षा उपरांत 212 रैंक हासिल कर उनका चयन उक्त विद्यालय में हुआ है।

### गायत्री शक्तिपीठ खैरा में हुआ पुंसवन गर्भ संस्कार

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ खैरा में जानकी साहू बेमचा, लक्ष्मी साहू रावण भाटा, जया ओसर आदि तीन बहनों का गर्भ संस्कार हुआ। चंद्रकला साहू ने गर्भवती की आदर्श दिनचर्या बहन सुनीता चंद्राकर ने ध्रुव-प्रहलाद की कहानी के माध्यम से गर्भ संस्कार के महत्व का वर्णन किया। नीतू साहू ने गर्भ का ज्ञान विज्ञान शिशु का गर्भ में विकास इस पर विस्तार पूर्वक गर्भवती माताओं को बताया। यह जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### स्वास्थ्य टीम ने किया ब्लड डोनेशन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल महासमुंद स्पर्श क्लीनिक के टीम द्वारा जरूरत मंद लोगों के लिए रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, टेकलाल नायक, गौतम यादव द्वारा रक्त दान किया गया। कार्यक्रम में रामगोपाल खुटे पीएसडब्लू, विजय भान, सुनील साहू ब्लड काउंसलर, दुर्गेश नंदनी मौजूद रहे।

---

**कार्रवाई : जिले में शराब की अवैध बिक्री पर लगातार कार्रवाई जारी**

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 40 लीटर कच्ची शराब, 2480 किलो महुआ लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

आबकारी टीम ने बड़ी मात्रा में महुआ शराब व महुआ लाहन जब्त किया है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 14 अगस्त को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत सावित्रीपुर (नंकुसिया डीपापारा ) में आरोपी संतलाल रात्रे पिता वृंदावन के रिहायशी मकान एवं मकान से लगे बाड़ी से अवैध हाथ भट्टी



कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 40 लीटर कीमत 8000 रुपए एवं 2480 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत मूल्य 124000 रुपए को जब्त किया गया।

मौके पर लाहन का सैंपल लेकर शेष को नष्ट किया गया। वहीं छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2), 34(1)(च) एवं 59(क) के तहत आरोपी संतलाल रात्रे के विरुद्ध प्रकरण कायम कर जेल दाखिल कराया गया । उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सांकरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। इस दौरान दौरान आबकारी स्टाफ सांकरा उपस्थित रहे।

## बस चालक को आई झपकी, बड़ा हादसा टला

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में रायपुर से सरायपाली जा रही बस बड़ा हादसा से बाल बाल बचा। दरअसल, बुधवार की सुबह पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बोर्रा के पास चालक को झपकी आ जाने से बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से टकरा कर रूक गई। अन्यथा गड्ढे में गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी को गंभीर चोंट नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक किरण ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 23 ई 0369 करीब 50 यात्रियों को लेकर रायपुर से सरायपाली की ओर जा रही थी कि ग्राम बोर्रा के पास चालक को झपकी आ गई, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। पोल से टकराने के कारण बस वहीं पर रूक गई। बताया जा रहा है कि यदि पोल से बस नहीं टकराती तो शायद यात्रियों सहित बस नीचे खाई में गिर जाती, जिससे गंभीर हादसा हो सकता था। बाद में सूचना पर पहुंची पटेवा पुलिस द्वारा ग्रामीणों की सहायता से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## नशामुक्ति स्टूडेंट क्लब का गठन

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिन खुर्द में प्राचार्य भारत साहू एवं स्टाफ के सहयोग से नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्टूडेंट क्लब का गठन किया गया। जिसके प्रमुख लीनेश कुमार साहू कक्षा दसवीं को बनाया गया। इस क्लब के सदस्य के रूप में प्रीति साहू, धनेश्वरी, संगीता 10वी, टिकेश्वरी, मीनाक्षी निषाद, खिलेश्वरी, अंजलि साहू, भूनेश्वरी 9वी, खिलेश कुमार, वरुण साहू 10 वी, भावेश, दुर्गेश, तुषार साहू तुषार साहू, 9वी आदि हैं। शिक्षक प्रकाश चंद्राकर को नशामुक्ति अभियान का प्रभारी बनाया गया है। सभी सदस्यों को संस्था के प्राचार्य द्वारा नशा न करने एवं आसपास के लोगों को नशा से दूर रहने के लिए संकल्प दिलाया गया। सभी लोगों ने नशा मुक्त जीवन व्यतीत करने हेतु संकल्पित हुए। साथ ही शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें 15 अगस्त की तैयारी के साथ-साथ विद्यालय एवं समाज को नशामुक्त बनाने पर भी चर्चा की गई।

## पार्थिव शिवलिंग का किया जलाभिषेक



**महासमुंद।** स्थानीय राम मंदिर में सोमवार को सामूहिक पार्थिव शिवलिंग जलाभिषेक का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सर्वप्रथम श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने थाली में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। शिवलिंग निर्माण उपरांत पुरोहितों द्वारा जल अभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र एवं शिव आरती कराया गया। कार्यक्रम के अंत में महाकाल मुक्तिधाम सेवा समिति के सहयोग से शिवलिंग का महामाया तालाब महासमुंद में विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद का भी सहयोग प्राप्त हुआ। इसमें महिलाओं की उपस्थिति विशेष रही। कार्यक्रम में शत्रुघ्न महाराज, बलराम महाराज, नारायण महाराज, हेमंत महाराज, सुरेंद्र महाराज, लक्ष्मीकांत अग्रवाल, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष श्रीवास्तव, नितेश वास्तव, उत्तम वर्मा, कान्हा प्रधान, जानकीबाई वैष्णव, ज्योति वैष्णव, छाया सुतार, माला चंद्राकर, शकुंतला, सुनीता वर्मा, माया देवी, महेश्वरी साहू, पूनम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## घोड़नाबाहरा में विधायक ने किया सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन, पौधे भी रोपे

**नर्रा।** साहू समाज सुरमार परिक्षेत्र क्रं 01 में विधायक निधि मद से विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम घोयनाबाहरा साहू समाज के लिए नवीन सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।



